शनिवार
21 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



बीजेपी के दरवाजे नीतीश कुमार के लिए बंद हो गए हैं: गिरिराज सिंह



## शारदीय नवरात्र
7वां स्वरूप: मां कालरात्रि



शारदीय नवरात्र की सप्तमी को मां कालरात्रि की आराधना की जाती है। शुंभ, निशुंभ के साथ रक्तबीज का विनाश करने के लिए देवी ने कालरात्रि का रूप धारण किया था। हाथ में खप्पर, तलवार और गले में नरमुंड की माला धारण करने वाली मां का स्वरूप संकट से उबारने वाला है। श्रीमार्कंडेय पुराण और श्रीदुर्गा सप्तशती के अनुसार काली मां की उत्पत्ति जगत जननी मां अंबा के ललाट से हुई थी। दुर्गा के नौ रूपों में सातवां रूप है देवी कालरात्रि का। इसलिए नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा होती है। शत्रुओं से मुक्ति और कष्ट निवारण के लिए मां काली की आराधना फलदायी है। मां कालरात्रि की पूजा गृहस्थ लोगों को मां की शास्त्रीय विधि से पूजा करना चाहिए। देवी की पूजा में नीले रंग का उपयोग करें। माता के इस रूप को गुड़ का भोग अति प्रिय है। रात रानी या गेंदे के फूल अर्पित कर घी का दीपक लगाएं और दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। पूजा में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। मां काली की आराधना से अकालमृत्यु, शत्रुभय, भूत-प्रेत जनित कष्ट से मुक्ति मिलती है। अश्विन सप्तमी तिथि 20 अक्तूबर को रात 11:26 बजे से 21 अक्तूबर को रात 9:54 बजे तक रहेगी। शारदीय नवरात्र में मां काली को भद्रकाली अवतार के रूप में माना गया है। नवदुर्गा के सप्तम रूप श्री महाकाली की पूजा की जाती है। शत्रुओं से मुक्ति पाने के लिए लिए रात्रि में स्नान कर लाल वस्त्र पहने और 108 बार

**नवार्ण मंत्र** – ॐ फट् शत्रून साघय घातय ॐ का जाप करें। मान्यता है इससे शुभ परिणाम मिलेंगे।

**बीज मंत्र** – क्लीं ऐं श्रीं कालिकायै नमः

**सिद्ध मंत्र** – ओम ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै ऊं कालरात्रि दैव्ये नमः

**प्रार्थना मंत्र** – एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्त शरीरिणी॥ वामपादोल्लसल्लोह लताकण्टकभूषणा। वर्धन मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥

## पीएम मोदी ने देश की पहली रैपिडेक्स ट्रेन 'नमो भारत' को दिखाई हरी झंडी, बोले...

# 10 साल में पूरी तरह बदली नजर आएगी रेल

- नमो भारत को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान जैसे देश के अन्य हिस्सों से भी किया जाएगा कनेक्ट
- इसकी आवाज हवाई जहाज की आवाज से भी कम व सुविधाजनक है
- मोदी बोले- जिसका शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम करते हैं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली रैपिडेक्स ट्रेन 'नमो भारत' को साहिबाबाद से हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए देश की जनता को नवरात्रि का तोहफा दिया। पीएम मोदी ने कहा कि युवा पीढ़ी को विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले दशक में किसी भी देश से भारत की ट्रेन को पीछे नहीं देखेंगे। नरेंद्र मोदी ने कहा कि नमो भारत देश के भविष्य की झलक है। आने वाले 10 साल में देश की पूरी रेल बदली नजर आएगी। उन्होंने कहा कि नमो भारत को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान जैसे देश के अन्य हिस्सों से भी कनेक्ट किया जाएगा। इसकी आवाज हवाई जहाज की आवाज से भी कम और सुविधाजनक है।

उन्होंने कहा कि यह नए भारत के संकल्पों को परिभाषित करता है। नवरात्र में इस उपहार के लिए वेस्ट यूपी और दिल्ली-एनसीआर के लोगों को बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि आज भारत की पहली रैपिड रेल सेवा नमो भारत ट्रेन राष्ट्र को समर्पित हो रही है। आरंभ हुई है। लगभग चार साल पहले मैंने दिल्ली गाजियाबाद, मेरठ, रीजनल कोरिडोर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। आज साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक उस हिस्से पर नमो भारत का संचालन शुरू हो गया है। मैंने पहले भी कहा है। आज भी कहता हूं, जिसका शिलान्यास हम करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम करते हैं। और ये मेरठ वाला हिस्सा साल-डेढ़ साल बाद पूरा होगा। उस समय भी मैं आपकी सेवा में मौजूद रहूंगा। अभी मुझे इस अति आधुनिक ट्रेन से यात्रा का अनुभव मिला है।





### इस ट्रेन में ड्राइवर से लेकर तमाम कर्मचारी महिलाएं हैं

मोदी ने कहा कि मैंने तो बचपन रेलवे प्लेटफॉर्म पर बिताया है। आज रेलवे का यह रूप मुझे सबसे ज्यादा आनंदित करता है। यह अनुभव प्रफुल्लित करने वाला है। हमारे यहां नवरात्र में शुभ कार्य की परंपरा है। देश की पहली नमो भारत ट्रेन को भी आज मां कात्यायनी के आशीर्वाद प्राप्त हुए हैं और ये भी बहुत विशेष है कि इस नई ट्रेन में ड्राइवर से लेकर तमाम कर्मचारी महिलाएं हैं। हमारे देश की बेटियां हैं। ये भारत की नारी शक्ति के बढ़ते कदम का प्रतीक है। ये भारत की नारी शक्ति के बढ़ते कदम का प्रतीक है।

**भारत का विकास राज्यों के विकास से ही संभव:** पीएम ने कहा कि नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता भी है, गति भी, स्पीड भी है। ये नमो भारत नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है। मेरा हमेशा से मानना है कि भारत का विकास राज्यों के विकास से ही संभव है। अभी इस समय हमारे साथ कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया भी जुड़े हैं। आज बेंगलुरु में मेट्रो की दो लाइनों को भी देश को समर्पित किया गया है। इससे वहां की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। अब वहां हर रोज लगभग 8 लाख लोग मेट्रो से सफर कर रहे हैं।



### हर सेक्टर में प्रगति की नई गाथा लिख रहा आज का भारत

मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत हर सेक्टर में प्रगति की नई गाथा लिख रहा है। चंद्रयान को चंद्रमा पर उतारकर दुनिया में हिंदुस्तान छाया हुआ है। आज का भारत जी-20 का इतना शानदार आयोजन करके दुनिया के लिए उत्सुकता का और दुनिया का भारत के साथ जुड़ने का एक अवसर बन गया है। आज का भारत अपने दम पर 5जी लॉन्च करता है और उसे कोने-कोने में ले जाता है। आज का भारत दुनिया में सबसे ज्यादा डिजिटल लेनदेन करता है। जब कोरोना संकट आया तो भारत में बनी वैक्सीन ने दुनिया के करोड़ों लोगों की जान बचाई। बड़ी-बड़ी कंपनियां आज भारत में मोबाइल और टीवी, लैपटॉप बनाने के लिए आ रही हैं।



### 9 वर्ष में देश ने वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर देखा है: योगी

इस मौके पर उपस्थित उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि शारदीय नवरात्रि में आपका ये उपहार हम सबके लिए एक उपकार है। पिछले साढ़े 9 वर्ष के अंदर इस देश ने वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर को देखा है। एयरपोर्ट की तर्ज पर रेलवे स्टेशन बने, अमृत भारत के अंदर 500 रेलवे स्टेशन के पुनरोद्धार का कार्य जिस गति के साथ चला है आज वह भी भारत देख रहा है। सीएम योगी ने कहा कि ये डबल इंजन सरकार के ही प्रयास हैं कि उत्तर प्रदेश के 5 शहर ऐसे हैं जहां मेट्रो रेल का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है और फरवरी में आपके ही कर कमलों से आगरा में भी मेट्रो रेल का संचालन प्रायोरिटी सेक्शन में प्रारंभ होगा।

### रैपिडेक्स फैक्ट फाइल

- साहिबाबाद से 17 किमी लंबे गाजियाबाद, गुलधार, दुहाई और दुहाई डिपो के बीच में इस रैपिडेक्स का संचालन होगा
- 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी यह सेमी हाई स्पीड ट्रेन
- 82 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट के जून 2025 तक पूरा होने जाने की उम्मीद है
- आरआर टीएस द्वारा इस प्रोजेक्ट को 2019 में शुरू किया गया था
- आरटीएस द्वारा इस रैपिड रेल परियोजना को रैपिडेक्स का नाम दिया गया है
- यात्री मोबाइल और कार्ड के माध्यम से भी टिकट खरीद सकेंगे
- मरीज के लिए रेल कोच के आखिरी डिब्बे में स्ट्रेचर का इंतजाम किया गया है
- दिव्यांगों के लिए अलग सीट्स तैयार की गई है
- इस ट्रेन की सीटें बेहद आरामदायक बनाए गए हैं। ट्रेन में एडजस्टेबल चेयर हैं
- ट्रेन में वाईफाई की सुविधा, मोबाइल-यूएसबी चार्जर भी होंगे
- डीपीआर के अनुमान के मुताबिक, ट्रेन में किराया करीब 2 रुपए प्रति किमी होगा।
- 2025 में जब प्रोजेक्ट पूरा होगा तो रोजाना 8 लाख यात्री इससे कर सकेंगे सफर

## सीट बंटवारे को लेकर सपा-कांग्रेस में मतभेद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश चुनाव की जोर-शोर से चल रही तैयारियों के बीच विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) आमने-सामने आ गई है। राज्य में सीट बंटवारे को लेकर हुए मतभेद पर कांग्रेस और सपा के बीच बयानबाजी शुक्रवार को भी जारी रही। वहीं बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा कि ये ही विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सच्चाई है। बीजेपी ने कांग्रेस और सपा पर हमला करते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने 'इंडी' गठबंधन की पोल खोल दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन को साफ कर देना चाहिए कि राज्य में कोई समझौता नहीं होगा। अखिलेश यादव ने को यूपी के शाहजहांपुर में कहा, हमारा गठबंधन इंडिया जरूर है, लेकिन हमारी स्ट्रेटजी पीडीए है। पीडीए ही एनडीए को हराएगा। ये बात इंडिया गठबंधन को साफ कर देनी चाहिए थी कि प्रदेश स्तर पर कोई समझौता नहीं होगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने मामलों में देरी पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मामलों के निपटारे में देरी पर चिंता जाहिर की है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को कहा कि अगर कानूनी प्रक्रिया धीमी गति से आगे बढ़ती है तो वादियों का (न्यायिक प्रणाली से) मोहभंग हो सकता है। इसने यह भी कहा कि पुराने मामलों की त्वरित सुनवाई और निपटान सुनिश्चित करने के लिए उच्च न्यायालयों को निर्देश जारी किए गए हैं। न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने लंबित मामलों पर राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) के देशव्यापी आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए बार और बेंच के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि पांच साल से अधिक समय से लंबित मामलों की निगरानी संबंधित उच्च न्यायालयों द्वारा किए जाने की आवश्यकता है।

## गगनयान मिशन का पहला ट्रायल आज

**एजेंसी/बेंगलुरू**

चंद्रयान-3 की बड़ी सफलता से उत्साहित भारत अब महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की ओर छोटे कदम बढ़ा रहा है। शनिवार को गगनयान के क्रू मॉड्यूल एस्केप सिस्टम का श्रीहरिकोटा से लाइव परीक्षण किया जाएगा। ये उन 20 बड़े परीक्षणों में से पहला है, जिनकी इसरो ने निकट भविष्य के लिए योजना बनाई है। ये सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य को पूरा करने के प्रयास में है कि इसरो 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करेगा और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री को लॉन्च करेगा। भारत के मानव




अंतरिक्ष कार्यक्रम के एक प्रमुख, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, इसरो के निदेशक डॉ. उन्नीकृष्णन नायर कहते हैं, गगनयान चुनौतीपूर्ण है, लेकिन बहुत संभव है क्योंकि भारत के पास सभी आवश्यक तकनीक है और सरकार द्वारा पहले ही 9000 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं।

पीएम मोदी ने एक बयान में कहा, इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, अंतरिक्ष विभाग चंद्रमा पर खोज के लिए एक रोडमैप विकसित करेगा. इसमें चंद्रयान मिशनों की एक श्रृंखला, अगली पीढ़ी के लॉन्च वाहन (एनजीएलवी) का विकास, एक नए लॉन्च का निर्माण शामिल होगा।

गगनयान मिशन का एक महत्वपूर्ण परीक्षण कुछ महत्वपूर्ण सवालों के जवाब देगा। अगर कुछ गलत हो गया तो हमारे अंतरिक्ष यात्रियों का क्या होगा? क्या परीक्षण कैप्सूल रॉकेट से अलग हो जाएगा? क्या क्रू एस्केप सिस्टम के हिंद महासागर में उतरने से पहले आपातकालीन पैराशूट खुलेंगे?

## अरब सागर में उठा चक्रवाती तूफान तेज

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण पूर्वी और उससे लगते दक्षिणी पश्चिमी अरब सागर में एक कम दाब का क्षेत्र दबाव क्षेत्र में बदल गया है, जिससे 21 अक्तूबर की सुबह चक्रवाती तूफान आने की आशंका पैदा हो गई है। इस साल यह अरब सागर में दूसरा चक्रवाती तूफान होगा। भारतीय हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवाती तूफानों के नाम रखने के फामूर्ले से इसका नाम 'तेज' होगा। मौसम विभाग के अनुसार, यह चक्रवाती तूफान रविवार तक गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल सकता है और दक्षिण में ओमान और यमन के तट से टकरा सकता है।




## ब्रिटेन की राजधानी में होनेवाले टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश बनेगा आकर्षण का केंद्र

# अब लंदन के वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में गूंजेगा उप्र का नाम

- सीएम योगी की मंशा के अनुरूप पर्यटन विभाग ने विस्तृत कार्ययोजना पर कार्य करना किया शुरू
- 52 स्क्वेयर मीटर के एरिया में स्टॉल लगाकर होगा यूपी का प्रमोशन

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयास कर रही योगी सरकार अब विदेशों में भी उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग करेगी। ग्लोबल लेवल पर उत्तर प्रदेश के टूरिज्म सेक्टर की धाक जमाने के उद्देश्य से योगी सरकार ब्रिटेन की राजधानी लंदन स्थित वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में 6 से 9 नवंबर के मध्य आयोजित होने जा रहे टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश को बतौर ब्रांड व फेवरेबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट करने की तैयारी कर रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। पर्यटन विभाग वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में आयोजित होने जा रहे टूरिज्म एक्सपो में 52 स्क्वेयर मीटर के एरिया में एक स्टॉल स्थापित करेगा। इस स्टॉल की स्थापना व कुशल संचालन के लिए बाकायदा एक एजेंसी को पर्यटन विभाग द्वारा नियुक्त किया जाएगा। एजेंसी के लिए ई-टेंडर पोर्टल के जरिए ई-बिडिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 17 अक्टूबर से शुरू हुई इस प्रक्रिया के अंतर्गत 26 अक्टूबर तक इच्छुक एजेंसियां अप्लाई कर सकती हैं जिसके बाद चयनित एजेंसी को प्रोग्राम को सुचारू ढंग से संचालित करने का कार्यभार सौंपा जाएगा।

### उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत को मिलेगी प्राथमिकता



लंदन में आयोजित हो रहे टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश की समृद्ध आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत की झलक पूरी दुनिया देख सके इसके लिए सीएम योगी की मंशा अनुरूप पर्यटन विभाग इन्हीं दो पैरामीटर्स पर सबसे ज्यादा फोकस कर रहा है। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश में स्थापित होने वाले स्टॉल की थीमलाइन भी इसी से प्रेरित होगी। इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा इस स्टॉल में उत्तर प्रदेश की सभी धरोहरों की प्रॉपर शोकेसिंग और उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टूरिस्ट डेस्टिनेशंस से जुड़े ब्रोशर्स व बुकलेट्स को एक्सपो में आने वाले एग्जिबिटर्स के सामने रखा जाएगा। इसी स्टॉल में उत्तर प्रदेश की भौगोलिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक धरोहरों की छवि के साथ ही प्रदेश की बदलती तस्वीर और विशेषकर औद्योगिक, आर्थिक, लॉ एंड ऑर्डर, गुड गवर्नेंस, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग, इंफ्रास्ट्रक्चरल ग्रोथ व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के दौरान हुए सकारात्मक बदलावों को भी शोकेस किया जाएगा।

### रूल बुक के अनुसार होगा कार्य आवंटन

टूरिज्म एक्सपो में स्टॉल इंस्टॉलेशन के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए पर्यटन विभाग ने एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं। इस ई-टेंडर के लिए टेंडर फीस 5 हजार रुपए व 18 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित की गई है। वहीं, अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) की रकम 2 लाख रुपए निर्धारित की गई है। सारी टेंडरिंग प्रक्रिया को पर्यटन विभाग के आधीन नियमों व उत्तर प्रदेश शासन की रूल बुक के अनुसार किया जाएगा।

**52 स्क्वेयर मीटर एरिया में लगेगा उत्तर प्रदेश का स्टॉल:** इस ई-टेंडरिंग के जरिए स्टॉल की स्थापना व संचालन का कार्य प्राप्त करने वाली एजेंसी को लंदन के वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में निर्धारित 52 स्क्वेयर मीटकर के एरिया में स्टॉल लगाएगी। इसके अतिरिक्त इस स्टॉल के डिजाइन, फैब्रिकेशन, सेटअप, इंस्टॉलेशन व डिसमैंटलिंग के कार्य भी इसी एजेंसी द्वारा किए जाएंगे। वहीं, स्टॉल में वीवीआईपी लाउंज, कॉफी वेंडिंग मशीन, एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन, ग्लास शोकेस, मीटिंग टेबल जैसे कार्यों को पूर्ण करना होगा।

## केंद्रीय विश्वविद्यालय गया में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, बोलीं...

# महात्मा बुद्ध और बापू का संदेश काफी प्रासंगिक

- कुल 1142 छात्रों ने हासिल की डिग्री
- राष्ट्रपति ने अलग-अलग संकाय के 10 टॉपर्स को दिया मेडल
- कार्यक्रम के बाद गया एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हुई राष्ट्रपति

**केटी न्यूज/पटना**





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को गया में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने टॉपर्स को सम्मानित किया। कुल 1142 छात्रों ने कार्यक्रम में आकर डिग्री हासिल किया। साथ ही राष्ट्रपति ने अलग-अलग संकाय के 10 टॉपर्स को मेडल दिया। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर करीब दो घंटे के कार्यक्रम के बाद गया एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा गया की धरती काफी पावन है। यहां बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे राजकुमार गौतम बोधिसत्त को प्राप्त कर महात्मा बुद्ध बने थे। यह धरती पूरे विश्व को सहिष्णुता और आपसी भाईचारे का संदेश देती है। वर्तमान में विश्व की जो स्थिति है उसमें महात्मा गांधी और बुद्ध का संदेश काफी प्रासंगिक है। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में 103 छात्रों ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। इनमें से 66 लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि जिन 25 विद्यार्थियों को मंच पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया उनमें भी 18 लड़कियां थी और मात्र 7 लड़के ही गोल्ड मेडल हासिल कर सके हैं। छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आज छात्राओं द्वारा सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है। आज छात्राएं हर क्षेत्र में छात्रों को टक्कर दे रही हैं और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।

**महाबोधि मंदिर में की पूजा अर्चना:** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शुक्रवार को पटना से गया एयरपोर्ट पहुंची, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति महाबोधि मंदिर पहुंची और वहां पूजा अर्चना की। उसके बाद कार्यक्रम स्थल पहुंची। इधर, राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर गया में सुरक्षा को लेकर सारी तैयारी पहले ही पूरी कर ली गई थी। रूट प्लान पहले ही तैयार कर लिया गया था। गया में कार्यक्रम के कारण गया-टिकारी मुख्य सड़क मार्ग पर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा में किसी तरह की कोई चूक न हो, इसके लिए बिहार पुलिस और विशेष टीम एक-एक चीजों पर बारिकी से नजर रख रही है। जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनाती की गयी है।





# बीजेपी के दरवाजे नीतीश कुमार के लिए बंद हो गए हैं: गिरिराज

**केटी न्यूज/पटना**

बीजेपी के नेताओं से दोस्ती वाले सीएम नीतीश कुमार के बयान पर बिहार में खूब बयानबाजी हो रही है। वहीं, इसको लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि यह बीजेपी के लिए प्यार नहीं था, यह बड़े भाई और छोटे भाई के बीच का झगड़ा है। जब भी लालू यादव उन पर हावी हो गए, वह (नीतीश कुमार) कहते हैं कि वह बीजेपी के साथ जाएंगे। वह लालू यादव को डराते हैं। बीजेपी के साथ-साथ पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के दरवाजे और खिड़कियां नीतीश कुमार के लिए बंद हैं। अब उनके पास क्या बचा है? बीजेपी के दरवाजे बंद हो गए हैं।

गिरिराज सिंह ने कहा कि बीजेपी से प्रेम नहीं दिखा। बड़का भैया और छोटका भैया के बीच छक्का पंजा की लड़ाई चल रही है। आगे उन्होंने नीतीश कुमार को लेकर कहा कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि ये गाना गाते हैं कि मैं मायके चली जाऊंगी, तुम देखके रहियो'। अटल बिहारी वाजपेयी के देहांत के कई साल हो गए, लेकिन कभी पहले नहीं गए. इस बार गए थे। दिन दयाल उपाध्याय के कार्यक्रम में इस बार गए।

# रिजल्ट में फर्जीवाड़ा का आरोप लगा अभ्यर्थियों ने किया हंगामा

**केटी न्यूज/पटना**

बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा रिजल्ट में फर्जीवाड़ा का आरोप लगा भारी संख्या में अभ्यर्थियों ने पटना में बीपीएससी दफ्तर के बाहर हंगामा कियाा। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि एक ही कैटेगरी में कम नंबर वालों को पास कर दिया गया और ज्यादा अंक लाने वालों को फेल कर दिया गया है। जिला आवंटन में जिन तीन जिलों का नाम मांगा गया था, तीन जिलों का नाम भी हम लोग दिए, लेकिन उन तीन जिलों को छोड़कर अन्य जिलों हम लोगों को दिए जा रहे हैं, पैसा लेकर जिला आवंटन किया जा रहा है।

अभ्यर्थियों ने कहा कि हम जैसे जिन अभ्यर्थियों का चयन हो गया है। उन अभ्यर्थियों के मोबाइल नंबर पर जिलों में काउंसिल के दौरान मोबाइल नंबर पर ओटीपी नहीं आ रहा है, जबकि सही हम लोग मोबाइल नंबर दिए थे। ओटीपी नहीं आने के कारण काउंसिल नहीं हो पा रही है। अभ्यर्थियों ने कहा कि प्राइमरी स्कूलों के लिए बीएड अभ्यर्थियों के रिजल्ट पर रोक थी। यह कोर्ट का ऑर्डर था तब भी प्राइमरी स्कूलों के लिए कुछ बीएड अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है।

# पटना के एक होटल में युवती की गोली मारकर हत्या

- जहानाबाद की रहने वाली थी मृतका शोभा
- होटल के कमरे में मिले कुल दो हथियार

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना के पॉस इलाके में शुक्रवार को दिनदहाड़े हत्या की घटना हुई है। पटना रेलवे स्टेशन के नजदीक कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में 21 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतका का नाम शोभा कुमारी बताया जा रहा है जो जहानाबाद की रहने वाली है। होटल के कर्मचारियों ने बताया कि गजेंद्र कुमार गुरुवार की शाम 6:00 बजे के आसपास होटल में आया था और 303 नंबर कमरा बुक कर लिया था, उसने होटल मैनेजर को कहा था कि रात तक मेरी पत्नी आएगी लेकिन, उसकी पत्नी शुक्रवार सुबह 9:00 बजे के आस पास होटल में पहुंची। करीब 10 बजे घटना को अंजाम देकर उसका पति गजेंद्र फरार हो गया।

**आरोपी होटल से फरार:** होटल कर्मचारियों ने बताया कि 10 बजे के करीब बगल के 101 नंबर कमरे से एक कस्टमर ने रिसेप्शन पर फोन किया कि बगल के कमरे से गोली चलने की आवाज आई है। जब ऊपर गए तो कमरा बंद था और नीचे फर्श पर खून पड़ा हुआ था। कर्मचारियों ने बताया कि उसका पति आनन-फानन में नीचे उतरा था और बोला था कि नाश्ता का कोई दुकान होगा तो हम लोगों ने बताया कि आगे चले जाइए. हम लोग को नहीं मालूम था कि वह हत्या करके जा रहा है। इसके बाद हम लोग को सूचना मिली तब तक वह फरार हो चुका था।

**जांच में जुटी पुलिस:** होटल प्रबंधन ने घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे कोतवाली डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि हम लोग को जो आधार कार्ड और कागजात मिले हैं उसके अनुसार ये लोग जहानाबाद जिले के रहने वाले हैं। दोनों पति-पत्नी लग रहे हैं, लेकिन क्या मामला है? अभी हम लोग जांच कर रहे हैं। मौके पर एफएसएल की टीम भी पहुंच कर जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक कट्टा बरामद किया गया और पास में रखे एक बैग से भी कट्टा बरामद हुआ है। इस कमरे में कुल दो हथियार बरामद हुए हैं।

**होटल संचालक से भी होगी पूछताछ:** डीएसपी ने बताया कि हथियार लेकर होटल में कैसे आए? यह भी जांच का विषय है। हम लोग होटल संचालक से भी इस पर बात करेंगे। उन्होंने होटल संचालक पर संदेह जताते हुए कहा कि इसमें होटल संचालक भी संदेह के घेरे में हैं। घटना से ढाई घंटे बाद पुलिस को सूचना दी गई। इन सभी बिंदुओं पर हम लोग होटल संचालक से भी पूछताछ करेंगे।

# वैशाली में हथियार दिखा फाइनेंस कर्मियों से पांच लाख रु. की लूट

## बिदुपुर थाना क्षेत्र के भारत फाइनेंस की घटना

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के वैशाली में हथियार के बल पर अपराधियों ने फाइनेंस कर्मियों से पांच लाख रुपये लूट लिये। पूरी घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के शांति मार्केट स्थित भारत फाइनेंस के कार्यालय में घटी। बताया जा रहा है कि कार्यालय पहुंचे तीन अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद कर्मियों ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, तीन अपराधी शांति मार्केट स्थित भारत फाइनेंस के कार्यालय में सेकंड फ्लोर पर पहुंचे थे। जहां पहले उन्होंने पानी की मांग की। फिर पानी पिया, उसके बाद पूरी घटना को अंजाम दिया। वहीं, यह लूट की वारदात पूरी सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

बताया जा रहा है कि कर्मचारियों ने फाइनेंस कंपनी का कार्यालय समय से पहले ही खोल दिया था। जैसे ही पानी पहुंचाकर पानी वाला नीचे गया तो सभी अपराधी ऊपर पहुंचे और पीने के लिए पानी मांगा और पूरी घटना को अंजाम दिया। वहीं, पुलिस का मानना है कि फाइनेंस कर्मी की लापरवाही के कारण यह लूट हुई है। फाइनेंस कंपनी का कर्मी पूरे कार्यालय के दरवाजे खोलकर बैठ गया था, जिससे अपराधी आराम से दाखिल हो गए।



## खबरें फटाफट

### पुलिस की गश्ती गाड़ी व कार में टक्कर, तीन जख्मी

**डुमरांव।** शुक्रवार की शामएनएच 922 पर प्रतापसागर गांव के पास नया भोजपुर ओपी थाने की गश्ती वाहन व एक कार की आमने सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार दो युवक तथा गश्ती वाहन का चालक जख्मी हो गए है। कार सवार युवकों को गंभीर चोटें आई है। स्थानीय लोग आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए लेकर बक्सर चले गए है। वहीं पुलिस वाहन के चालक को हल्की चोटें आई है। जानकारी के अनुसार नया भोजपुर ओपी पुलिस की गश्ती वाहन शाम करीब चार बजे प्रतापसागर के पास एनएच 922 पर गश्त कर रही थी। तभी बक्सर की तरफ से आ रही एक कार से पुलिस वाहन की आमने सामने की टक्कर हो गई। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस वाहन खड़ी थी। कार चालक ने खड़ी वाहन में टक्कर मार दी।

### फार्मासिस्ट की साइकिल चोरी

**चक्की।** चक्की पीएचसी के फार्मासिस्ट अवधेश चौधरी की साइकिल चोरों ने पीएचसी परिसर से चुरा ली है। वे पीएचसी में अपनी ड्यूटि करने आए थे तथा निर्धारित जगह पर साइकिल खड़ी कर अपने कार्यों को निपटा रहे थे। दोपहर में जब वे लंच ब्रेक में बाहर निकले तो उनकी साइकिल वहां से गायब थी। बता दें कि पीएचसी व प्रखंड कार्यालय में सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं, बावजूद चोरों ने कर्मी की साइकिल चुरा ली। इस घटना के बाद पीएचसी कर्मियों में चोर उचक्कों का भय बना हुआ है। हालांकि फार्मासिस्ट द्वारा इसकी शिकायत पुलिस से किए जाने की जानकारी नहीं मिली है।

## चार दिवसीय दशहरा मेला का आगाज आज से, चप्पे-चप्पे पर रहेगी प्रशासन की नजर


# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आज खुलेंगे पट भक्तों को दर्शन देकर निहाल करेंगी मां दुर्गा

- बक्सर में डीएम व एसपी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण व सद्भाव के माहौल में त्योहार मनाने की हुई अपील
- जिले के सभी थानों को रखा गया है अलर्ट मोड में

**केटी न्यूज/बक्सर**

चार दिवसीय दशहरा मेला शनिवार से शुरू हो जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। पूर्व संध्या पर देर रात तक पूजा समिति के सदस्यों, मूर्तिकारों तथा डेकोरेशन करने वालों की कवायदें बढ़ी रही। देर रात तक दशहरा मेला की तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार व विधि विधान के साथ जिलेभर के पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की मूर्तियों के पट खोले जाएंगे। इसके साथ ही दशहरा मेला की शुरूआत हो जाएगी। इधर जिला प्रशासन ने भी दशहरा मेला को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए बक्सर में डीएम एसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाल जिलेवासियों को भयमुक्त माहौल में दशहरा का त्योहार मनाने का संदेश दिया गया।

फ्लैग मार्च बक्सर नगर थाना से निकला था। जिसमें डीएम अंशुल अग्रवाल, एसपी मनीष कुमार, एसडीओ धीरेन्द्र कुमार, नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार समेत जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे। नगर थाना से निकला फ्लैग मार्च पूरे शहर में भ्रमण किया। इस दौरान बूटो की धमक तथा प्रशासनिक अधिकारियों के वाहनों में लगे सायरन की आवाज से शरारती तत्वों तथा मनचलों में खौफ भर गया। डीएम ने जिलेवासियों को दशहरा की बधाई देने के साथ ही सौहार्द्र पूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिलेभर में दशहरा मेला पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है। बक्सर तथा डुमरांव में वॉच टॉवरों के अलावे जगह जगह लगाए गए सीसीटीवी कैमरों से भी दशहरा मेला की निगरानी की जाएगी। वहीं एसपी ने कहा कि दशहरा में नफरत फैलाने वालों तथा सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। एसपी ने कहा कि जिले के सभी थानों को अलर्ट मोड में रखा गया है।



डुमरांव के नया थाना के पास बने आकर्षक पंडाल में विराजीं हैं मां दुर्गा।



डुमरांव के शहीद गेट रोड में की गई है भव्य सजावट।



डुमरांव के चौक रोड स्थित पूजा पंडाल में विराजीं माता रानी।

### दुधिया रौशनी से जगमग हुआ बक्सर व डुमरांव

दशहरा मेंला के पूर्व संध्या पर बक्सर तथा डुमरांव शहर दुधिया रौशनी से जगमग हो गया है। दोनों शहरों में सभी सड़कों, गलियों आदि में कृत्रिम लाईटें जगमगा रही हैं। पूजा पंडालों के पास की सजावट के साथ ही रंगबिरंगे लाईटों की छटां देखते ही बन रही है। शनिवार को पट खुलने के साथ ही दर्शन पूजन के अलावे मेला घुमने वालों की भींड़ उमड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। नगर परिषद प्रशासन के सहयोग से दोनों नगर परिषद को साफ सुधरा कर चकाचक कर दिया गया है।

**शुक्रवार को ही खुल गए डुमरांव में तीन व बक्सर में एक पूजा पंडाल में विराजीं माता का पट**

वैश्विक महामारी कोराना का प्रभाव कम होने के बाद अब दशहरा मेला के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ गया है। वहीं कई पूजा समितियों द्वारा भी अब चार दिन के बदले पांच दिन तक पट खोले रखने की कोशिश की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार की सुबह से लेकर देर रात तक डुमरांव में तीन पंडालों में स्थापित मूर्तियों का पट खोला गया। जिसमें चौक रोड, सोनारपट्टी मोहल्ला तथा बक्सर के तुरहा टोली में स्थापित पंडाल शामिल है, जहां मूर्तियों के पट खुल गए है।

**बच्चों को लेकर घूम रहे है तो रहें सावधान:** शनिवार से शुरू हो रहे दशहरा मेंला में अपने बच्चों के साथ घुमने आने वाले माता पिता को सावधानी बरतनी चाहिए। यदि उनका बच्चा छोटा है तथा अपना नाम पता बताने में असमर्थ है तो उसके पॉकेट में घर का पता तथा मोबाईल नंबर लिखा एक पर्ची रखें। इससे भीड़ में अपने अभिभावक का साथ छूटने पर भी वह आसानी से परिजनों को मिल जाएगा। देर रात तक मेला घूमने से परहेज करें तथा मोबाईल में लोकेशन ऑन रखना चाहिए। ताकी आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके।

## शिक्षकों की मांगें जायज, शीघ्र मिलनी चाहिए प्रोन्नतिः एमएलसी जीवन कुमार



**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रोन्नति की मांग पर स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता अवकाश प्राप्त स्नातक क्षिक्षक यतीन्द्र कुमार चौबे एवं संचालन संजीव कुमार तिवारी ने किया। शुक्रवार को धरना स्थल पर गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद जीवन कुमार उपस्तित हुए। शिक्षकों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिस पर संज्ञान लेते हुये विधान पार्षद ने तत्काल पदाधिकारियों से शिक्षकों की प्रोन्नति के सम्बंध में बात की और प्रोन्नति देने में आ रही अड़चनों को दूर कर शिक्षकों को प्रोन्नति का लाभ देने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मांगें जायज हैं तथा विभाग उन्हें शीघ्र इसका लाभ नहीं देता है तो इस मामले को सदन में उठाया जाएगा। विधान पार्षद ने कहा कि बार बार पत्र निकलने पर भी प्रोन्नति नहीं हो रही है जो दुःखद है। चौथे दिन कई शिक्षक नेताओं ने इस धरने को संबोधित किया और कहा कि मांगे पूरी होने तक उनका धरना जारी रहेगा। उक्त अवसर पर अशोक कुमार पाण्डेय, अरुण कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह,संतोष कुमार, रमेशचंद्र राम, मु मुस्ताक, मो. फिरोज, अशोक कुमार, जीतेन्द्र यादव, पीर मुहम्मद, जनार्दन कुमार, अमलेश कुमार सिंह, त्रिभुवन राय, अंजू कुमारी, सुमित्रा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, ओमप्रकाश, आलोक कुमार, गिरीश पाण्डेय मौजूद थे।

### पीड़िया स्थित घर से निकला युवक गायब, एक पर केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पीड़िया गांव से एक युवक के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में युवक के भाई अवधेश कुमार यादव ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर गांव के ही एक अन्य युवक ददन यादव के खिलाफ भाई को गायब करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मेरा भाई दिनेश कुमार यादव मानसिक रूप से कमजोर है। पिछले दिनों गांव के ही ददन यादव के साथ देखा गया था, जो आज तक घर वापस नही लौटा।

### चिलहरी हाई स्कूल में लगा सीसीटीवी गायब

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के चिलहरी उच्च विद्यालय में लगे एक सीसीटीवी कैमरे की चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक हनुमान प्रसाद राय ने अज्ञात चोरों के खिलाफ नया भोजपुर ओपी थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।

## चक्की के भरियार बाजार में झोपड़ीनुमा पंडाल में विराजीं मां का दर्शन करेंगे भक्त

- भरियार में मेला देखने उमड़ता है पूरा दियारा इलाका, यूपी के कई गांवों से भी आते हैं लोग

**केटी न्यूज/चक्की**



गंगा के तटवर्तीय इलाकों में भी शारदीय नवरात्र की धूम मची है। चक्की प्रखंड के भरियार बाजार में मां के पट खुलने से पहले ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी हैं। गांव के विभिन्न जगहों पर मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसमें भरियार बाजार में दुर्गा पूजा के लिए आकर्षक पंडाल व प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। इसमें लोगों को गांव की झलक देखने को मिलेगी, जहां भक्त झोपड़ीनुमा पंडाल में मां के दर्शन करेंगे। इसी तर्ज पर नवयुवक दुर्गा पूजा समिति पंडाल का आकर दे रही है। पूजा समिति के सदस्य पूरे जोश के साथ पंडाल व मूर्ति का निर्माण करने में जुटे हैं। इसके लिए जोर-जोर से तैयारी की जा रही हैं।

नवयुवक दुर्गा पूजा समिति भरियार के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, मनीष तिवारी, सचिव अनिल कुमार प्रसाद आदि ने बताया कि पंडाल में प्रतिमा के आकर्षक रूप देने के लिए दिन रात मेहनत किया गया है। पंडाल और मूर्ति काफी आकर्षक बनाई गई है। हालांकि पट शनिवार की शाम को खुलेगा लेकिन अभी से बच्चों की टोलियां पंडालों के आस पास मंडरा रही है। स्कूलों की छुट्टी के बाद बच्चें पूरे दिन पंडालों के आस पास घुम रहे है। समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां कई वर्षों से मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजन की जाती हैं। यहां की प्रतिमा पूरे चक्की प्रखंड एवं आसपास के इलाकों में चर्चित रही है। जिस बिहार के दियारा क्षेत्र के अलावे यूपी के दियारा क्षेत्र के बेयासी, जवही, परमानपुर, शिवपुर दियर जैसे दर्जनों गांवों के श्रद्धालु यहां दर्शन पूजन व मेला घूमने आते हैं।

इस पूजन को लेकर करीब दो लाख की राशि का बजट बनाया गया है। वही कमेटी के सदस्यों ने बताया कि हर साल भरियार बाजार में दुर्गा पूजा समिति के द्वारा नाटक का मंचन किया जाता है। जिसमें बिहार के तमाम कलाकार इसमें पहुंचते हैं एवं अपना जलवा दिखाते हैं। इस बार भी भी नाटक की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस पूजा को संपन्न कराने में पूजा समिति के कोषाध्यक्ष शैलेश, सतेंद्र, व्यवस्थापक राजा गोस्वामी, सदस्य धीरज, सोनू, छोटे, संजय राम, पप्पू, विजय, विकास, कौशल आदि समिति सदस्यों के अलावे बड़ी संख्या में ग्रामीण भी सक्रिय सहयोग कर रहे है।

## एक नजर

### बकाए वेतन की मांग को लेकर निमार्णाधीन एथनॉल कंपनी के मजदूरों ने दिया धरना




**केसठ/नावानगर।** नावानगर में निमार्णाधीन भारत प्लस एथनॉल कंपनी के मजदूरों शुक्रवार को एक दिवसीय धरना दिया। कंपनी के मुख्य गेट के सामने धरना पर बैठे मजदूरों ने ठेकेदार पर एक महीने का मजदूरी नहीं देने का आरोप लगाया है। मजदूरों ने ठेकेदार नितेश ठाकुर के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस दौरान मजदूरों ने कंपनी के मुख्य गेट को बंद कर निर्माण कार्य को ठप करा दिया था। मजदूरों का आरोप था कि कंपनी द्वारा पैसा दिए जाने के बाद भी ठेकेदार उनकी मजदूरी नहीं देकर हकमारी कर रहा है। जिससे दुगार्पूजा जैसे त्योहार में उन्हें कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कंपनी के एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर टिंकू कुमार ने कहा कि ठेकेदार को कंपनी के तरफ से मजदूरों को वेतन भुगतान के लिए पैसा दे दिया गया है। जांच कर उचित करवाई की जाएगी। धरना दे रहे मजदूर हिरामन कुमार, संतोष सिंह, बेचन सिंह, तारकेश्वर, विनोद सहित अन्य का कहना है कि अगर जल्द ही वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो आगे और भी उग्र प्रदर्शन और आंदोलन होगा। मजदूरों का कहना था कि ठेकेदार की मनमानी के खिलाफ मजदूरों में गहरा आक्रोश है।

### नहीं रहे केरल हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस व दुल्लपुर निवासी यूपी सिंह, शोक की लहर



**बक्सर।** केरल हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस तथा जिले के सिमरी प्रखंड के दुल्लपुर गांव निवासी उदय प्रताप सिंह का निधन हो गया है। गुरूवार की रात 11.45 बजे पटना स्थित आवास पर 91 वर्ष की अवस्था में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे न्यायिक सेवा के अलावे अपने सामाजिक कार्यों के लिए भी चर्चित रहे है तथा सेवानिवृत होने के बाद वर्ष 1998 में बक्सर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके थे। हालांकि चुनाव में उन्हें सफलता नहीं मिली थी। वे अपने पीछे दो पुत्रों साकेत सिंह ( सुप्रिम कोर्ट में अधिवक्ता ), संजय सिंह ( पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता ) तथा एक बेटी बेबी सिंह समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके भतीजा नागेन्द्र सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उनके निधन से परिवार तथा समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। वे हमेशा परिवार को एकसूत्र में बांधे रखते थे तथा समाज के जरूरतमंदों की सहायता करते रहते थे। उन्होंने बताया कि उनके न्यायिक सफर की शुरूआत रांची हाईकोर्ट से हुई थी। उसके बाद वे पटना हाई कोर्ट में भी बतौर जज रह चुके है। यहां से वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के ऐक्टिंग चीफ जस्टिस तथा केरल हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने थे। जबकि सेवानिवृति के बाद सामाजिक कार्यों में दिलचस्पी रखते थे। शुक्रवार को पटना के दीघा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम शवयात्रा में सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए थे। उनके निधन की खबर मिलते ही जिले के बुद्धिजीवियों तथा सामाजिक, राजनैतिक कार्यकताओं में मायूशी छा गई। बक्सर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष डा. शशांक शेखर ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि जस्टीस यूपी सिंह का जीवन न्याय प्रिय रहा है। वे समाज में जरूरतमंद लोगों को सदा मदद के लिए तैयार रहते थे।

### बीपीएससी पास शिक्षक अभ्यर्थियों से गुलजार रहा बक्सर का एमपी उच्च विद्यालय



**बक्सर।** जिले में बीपीएससी उत्तीर्ण उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों का काउंसिलिंग लगातार तीन दिनों से जारी है। जिस कारण तीसरे दिन शुक्रवार को भी काउंसिलिंग केंद्र अभ्यर्थियों से गुलजार रहा। काउंसिलिंग के लिए निर्धारित केंद्रो पर काउंसिलिंग कराने के लिए पहुंचे शिक्षक अभ्यर्थियों का बारी-बारी से काउंसिलिंग किया गया। सभी शिक्षक अभ्यर्थियों का बारी-बारी से फॉर्म आवेदन करने के समय दिये गये प्रमाण पत्रों की जांच व मिलान किया गया। इसको लेकर एमपी उच्च विद्यालय काउंसिलिंग केंद्र पर पूरे दिन अभ्यर्थियों के आने जाने का सिलसिला कायम रहा। खबर लिखे जाने तक काउंसिलिंग की प्रक्रिया जारी थी। मिली जानकारी के अनुसार अभी तक लगभग 300 अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग किया जा चुका है। इसके साथ ही निर्धारित समय से पहुंचे अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग की प्रक्रिया देर शाम तक जारी रहा। इसकी जानकारी देते हुए डीपीओ स्थापना मो. शारीक अशरफ ने बताया कि अभी तक लगभग 300 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई।




## दशहरा में डुमरांव नगर परिषद् अभियान चला लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान की देगा जानकारी

# स्वच्छता में बाधक है पॉलीथिन, नप करेगा श्रद्धालुओं को जागरूक

**सौरभ केशरी/डुमरांव**

शहर को प्रदूषित करने में पॉलीथिन की अहम भूमिका मानी जा रही है। पॉलीथिन को सरकार ने प्रतिबंधित किया है। जिसको लेकर नगर परिषद ने इस मुद्दे पर गहन मंथन शुरू कर दशहरा के दौरान शहर में जगह-जगह अभियान चलाकर श्रद्धालुओं को जागरूक करेगा। जिसमें पॉलीथिन से होने वाले घातक बीमारियों और पर्यावरण नुकसान को लेकर बताया जायेगा।

प्रतिबंध के बावजूद लोगों के जीवन मे पॉलीथिन एक ऐसी वस्तु बन गयी है जो पूजा, रसोईघर, बाथरूम और पढ़ने के कमरे में भी इसका इस्तेमाल होने लगा है। अगर हमें बाजार से राशन, फल, जूस, कपड़े, सब्जी, दूध आदि लेकर आना पड़े तो सबसे पहले पॉलीथिन में देने की मांग होने लगी है। पॉलीथिन का प्रयोग कर शहरवासी उसे इधर-उधर सड़को पर फेंक देते है। जो कूड़े के ढेर के साथ पॉलीथिन बहुतायत संख्या में दिखाई देने लगी है। इससे शहर की स्वच्छता पर भी दाग लगने लगा है। पॉलीथिन से जहां नाला, नाली आदि में जलजमाव की समस्या बनी रहती है तो वहीं बीमारियों के संक्रमण का भी खतरा बढ़ता जाता है। शहर में हर दिन कूड़ो का ढेर इकट्ठा होता है, जिसमें पॉलीथिन सबसे अधिक पाया जाता है। कारण कि घरों से निकलने वाले कूड़े को नगर पर्षद में तैनात सफाईकर्मी उसे शहर के बाहर खाली पड़े भू-खंडों में फेंकते है, जिससे प्रदूषण में इजाफा हो रहा है। पॉलीथिन कूड़े में दब जाती है, फिर भी उसका वजूद समाप्त नही होता। नाली-नाले में भी पॉलीथिन की समस्या विकराल बन गयी है। हर वर्ष नाला के सफाई के दौरान भारी मात्रा में पॉलीथिन ही निकाली जाती है। इन कचरों से पानी का बहाव ठहर जाता है।



### पॉलीथिन को जलाने से सांस व त्वचा की बढ़ रही बीमारी

कूड़े-कचरे पर फेंके गये पॉलीथिन को जलाया जाता है, जिससे निकलने वाला धुआं मानव जीवन के लिए घातक बना है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ एसके सैनी ने बताया कि पॉलीथिन के संपर्क में रहने से लोगों के खून में थेलेट्स की मात्रा बढ़ जाती है जिससे त्वचा और सांस आदि की बीमारी की चपेट में आने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन के कचरा से उठने वाले जहरीले धुंए में जो विषैले तत्व निकलते है उससे कैंसर जैसे बीमारी भी हो सकती है।

**मवेशियों की होती है मौत:** पॉलीथिन का प्रयोग जहां पर्यावरण के खतरा बना है वहीं मवेशियों के जान का दुश्मन भी बन गया है। बताया जाता है कि खुले रूप से रहने वाले मवेशी खाने के लिए कूडो-कचरों से खाद्य सामग्री की तलाश करते है जो कूड़ो पर पॉलीथिन में फेंका रहता है। मवेशी वह खाते है और उनके शरीर मे पॉलीथिन चली जाती है। ऐसी हालत में उनकी जान का खतरा बढ़ जाता है। जानकर बताते है कि पॉलीथिन खाने से अबतक कई मवेशियों की मौत हो चुकी है।

### जागरूकता से आयेगा बदलाव

प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग से स्वच्छता बाधक व प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। नप इसका प्रयोग रोकने के लिए लोगों को जागरूक करेगी। इस अभियान से लोगों की जान बचेगी और पर्यावरण का भी संरक्षण होगा। नप ने इस अभियान में आम लोगों को भी जोड़ने की अपील किया और पॉलीथिन के प्रयोग से परहेज करने की सलाह दी जायेगी।

**- अनिरुद्ध कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नप डुमरांव**

## खबरें फटाफट

### जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**आरा।** भोजपुर के तरारी थाना क्षेत्र के इटिम्हां गांव में गुरुवार की शाम संदिग्ध स्थिति में जहर खाने से एक महिला की मौत हो गयी। इलाज के दौरान हसन बाजार स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उसने दम तोड़ दिया। मृतका इटिम्हां गांव निवासी धर्मेंद्र पासवान की 30 वर्षीया पत्नी चिंता देवी थी। उसके मायके वालों की ओर से बच्चा नहीं होने के कारण ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की छानबीन में जुटी है। वैसे पुलिस खुदकुशी की भी आशंका जताई जा रही है।

### कृषि यांत्रिकरण योजना में 108 यंत्रों पर अनुदान

**बक्सर।** कृषि यंत्र खरीदने वाले किसानों के लिए खुशखबरी है। जिले के इच्छुक किसान 10 नवंबर तक विभागीय वेबसाईट पर सुविधानुसार कहीं से भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। कृषि यांत्रिकरण राज्य योजना में 108 प्रकार के कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जाना है। इसमें खेतों की जुताई, बुआई, निकाई-गुड़ाई, सिंचाई, कटाई, दौनी इत्यादि तथा उद्यान से संबंधित कृषि यंत्र शामिल है। वहीं फसल अवशेष प्रबंधन के 23 यंत्रों पर विशेष अनुदान का प्रावधान किया गया है, जिसमें हैपी सीडर, सुपर सीडर, स्ट्रा बेलर, स्ट्रा रीपर, रीपर कम बाईंडर इत्यादि पर अनुदान के लिए योजना की कुल राशि का 33 प्रतिशत व्यय किया जायेगा। ओएफएमएएस पर करना होगा ऑनलाइन आवेदन सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण ने बताया कि इस वितीय वर्ष में कृषि यांत्रिकरण सॉफ्टवेयर के नये वर्जन को लागू किया गया है।

## विजयादशमी महोत्सवः जे न मित्र दुःख होहिं दुःखारी, तिन्हहि विलोकत पातक भारी...



**केटी न्यूज/बक्सर**

♦ रामलीला में सुग्रीव मित्रता, बाली वध एवं राशलीला में श्याम सगाई लीला का हुआ मंचन

श्रीराम लीला समिति बक्सर के तत्वावधान में नगर के रामलीला मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के चौदहवें दिन शुक्रवार को देर रात्रि मंचित रामलीला में राम-सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध प्रसंग का मंचन किया। वही दिन में आयोजित राशलीला में श्याम सगाई का मंचन हुआ था। रामलीला में दिखाया गया कि भगवान श्रीराम व लक्ष्मण सबरी को सद्गति देने के पश्चात आगे बढ़ते हैं, जहां उनसे हनुमान जी से भेंट होती है। हनुमान जी दोनों भाईयों को सुग्रीव के पास ले जाते हैं और वहाँ ले जाकर उनसे मित्रता करवाते हैं। दोनों एक दूसरे की सहायता करने का वचन देते हैं। इस दौरान भगवान राम ने सुग्रीव को मित्रता की कसौटी बताई और कहां कि जो मित्र के दुःख से दुःखी नहीं होता है, उन्हें देखने पर भी पाप लगता है। श्रीराम अपने मित्र सुग्रीव को दिए गए वचन के अनुसार उसके भाई बाली का वध कर देते हैं, और सुग्रीव को किष्किंधा का राज्य मिल जाता है। राज्य मिलने के पश्चात सुग्रीव श्रीराम की सुध लेना भूल जाते हैं। तो लक्ष्मण जी किष्किंधा जाकर सुग्रीव पर क्रोध करते हैं। तब जाकर सुग्रीव माता सीता का पता लगाने के लिए बंदरों को भेजते हैं। इधर हनुमान, जामवंत, नल-नील, अंगद, माता सीता की खोज में जुट जाते हैं। सीता का पता लगाते हुए सभी बंदर समुद्र के करीब पहुंच जाते हैं। सभी वानर वीर समुद्र पार करने में असमर्थता जाहिर करते हैं। तब जामवंत ने हनुमानजी को उनके बल का स्मरण कराया। इसके बाद हनुमानजी गर्जना करते हुए समुद्र को पार करने के लिए आकाश मार्ग का सहारा लेते है। लेकिन रास्ते में सांपों की माता सुरसा हनुमान जी को खाने के लिए सौ योजन का मुंह फैलाती है, परंतु हनुमान चतुराई से छोटा रूप बनाकर उनके मुख से बाहर आ जाते हैं। आगे बढ़ने पर सिंहका नाम की राक्षसी मिलती है उसको मार कर हनुमान जी लंका के द्वार पर पहुंच जाते हैं, जहां लंकिनी उनका मार्ग रोकती है। वहीं दूसरी तरफ दिन में कृष्ण लीला के दौरान श्याम सगाई का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि श्रीकृष्ण यमुना पर अकेले खेलने जाते हैं।

### एक ही जमीन पर रास्ता बनाने को ले आपस में भिड़ गया दोनों गुट

# रास्ते के विवाद में बालू घाट पर दो गुटों के बीच गोलीबारी में एक की मौत, तीन जख्मी

■ अपराधियों की धरपकड़ को एएसपी के नेतृत्व में टीम गठित

**केटी न्यूज/ आरा**



भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव बालू घाट पर शुक्रवार की दोपहर रास्ते के विवाद में दो गुटों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। उस दौरान करीब दर्जन भर राउंड से अधिक गोली चलने की बात कही जा रही है। गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य जख्मी हो गए। मृतक सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव निवासी मनोज सिंह का 25 वर्षीय हर्षित सिंह था। वह चर्चित पैक्स अध्यक्ष रहे मुन्ना सिंह का भतीजा था और पूर्व में जेल भी जा चुका था। घायलों में चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव गांव निवासी रामबाबू यादव का पुत्र सुनील यादव, धनराज राय के पुत्र बिहारी राय व उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी स्व. हेमंत चौधरी का पुत्र प्रकाश चौधरी शामिल हैं। प्रकाश चौधरी कुख्यात गैंगस्टर रंजीत चौधरी का भतीजा है। दो घायलों का इलाज बाबू बाजार स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल जबकि एक का सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। तिवारी और चौधरी गुट के बीच फायरिंग की बात कही जा रही है। भोजपुर के एक गैंगस्टर और बक्सर के एक दबंग के भी शामिल होने की चर्चा है। इलाके में चार लोगों के जख्मी होने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस द्वारा तीन लोगों के ही जख्मी होने की पुष्टि की जा रही है। इधर, दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना से पूरे इलाके में सनसनी मच गयी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सौरभ कुमार और संदेश थानाध्यक्ष अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस द्वारा मौके से दो बाइक भी जब्त की गयी है। बाद में एएसपी चंद्रप्रकाश अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी की ओर से विशेष टीम गठित कर दी गयी है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर एक गुट के लोग खनगांव बालू घाट पर जाने के लिए रास्ता बना रहे थे। तभी दूसरे गुट के लोग भी पहुंच और भिड़ंत हो गयी। देखते ही देखते गोलियां तड़तड़ाने लगी। चार लोगों को गोली लग गयी।

■ खनगांव बालू घाट पर रास्ता बनाने के विवाद में दो पक्षों के बीच फायरिंग की घटना हुई। उसमें चार लोगों को गोली लगी थी। इलाज के क्रम में एक जख्मी हर्षित कुमार सिंह की मौत हो गई। घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी और छानबीन के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर दिया गया है। जल्द ही सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विशेष टीम द्वारा छापेमारी आरंभ कर दी गई है।

**प्रमोद कुमार यादव, एसपी, भोजपुर**

### मां-पिता का इकलौता पुत्र था हर्षित, हत्या से घर में कोहराम

बताया जा रहा है कि सिकरौल गांव निवासी हर्षित कुमार अपने मां-बाप की इकलौता पुत्र था। उसके परिवार में सिर्फ मां ललिता देवी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मचा है। इकलौते बेटे की मौत से मां ललिता देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर्षित सिंह पूर्व में हत्या के मामले में जेल गया था।

## एक्टर विक्रांत मैसी ने महावीर मंदिर पटना में टेका मत्था



**केटी न्यूज/बक्सर**

■ मरीन ड्राइव पर फैंस के साथ की मस्ती और किया फिल्म 12वीं फेल का प्रमोशन

विधु विनोद चोपड़ा की विक्रांत मैसी स्टारर मच अवेटेड फिल्म 12वीं फेल अपनी रिलीज के लिए तैयार है। ऐसे में फिल्म के प्रमोशन के लिए लीड एक्टर यानी मिजार्पुर के बबलू पंडित बिहार की राजधानी पटना अपने फैंस से मिलने पहुंचे, जहाँ उन्होंने महावीर मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। इस दौरांन उन्होंने पटना के मरीन ड्राइव का भी लुफ्थ उठाया और अपने फैंस से भी बातचीत की। वहां उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 12वीं फेल को जमकर प्रोमोट किया। बता दें कि एक्टर के किरदार बबलू पंडित से उत्तर भारतीय दर्शक खूब प्यार करते हैं, ऐसे में अपने नए किरदार को उनसे मिलवाने के लिए एक्टर खुद उत्साहित हैं।

बबलू पंडित का किरदार फिल्म में मन लगाकर पढ़ना चाहता था क्योंकि उसका सपना क्अर बनने का था, लेकिन पिता की न्याय की लड़ाई में बबलू का पढ़ लिख कर कुछ बनने का सपना, एक सपना ही बनकर रह जाता है। हालाँकि, विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म की कहानी बहुत सारे ऐसे बच्चों की है जो क्अर और क्ढर बनने का सपना लेकर चलते हैं और उसमे मिली हार से खुदको टूटने की जगह और मजबूत कर रीस्टार्ट करते हैं।

## मोटर चालू करने के दौरान करंट लगने से 10वीं की छात्रा की मौत

**केटी न्यूज/ आरा**



♦ नहाने के लिए मोटर चालू करने में लगा करंट, अस्पताल लाने के दौरान गयी जान

तीयर थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव में शुक्रवार की दोपहर करंट लगने से दसवीं की एक छात्रा की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत छात्रा हेतमपुर गांव निवासी त्रिलोकी साह की 18 वषीर्या पुत्री नेहा कुमारी थी। छात्रा की बड़ी बहन खुशी कुमारी ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर का नहाने के लिए घर के लगे मोटर चालू करने गई थी। मोटर में लगा तार बीच से कटा था। वह मोटर चालू कर रही थी, तभी वह करंट की चपेट में आ गई। उससे बुरी तरह झुलस गई। उसके बाद जब वह और मां ने उसे बेहोश पड़ा देखा, तो इलाज के लिए उसे जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया।

वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि छात्रा चार बहनों में दूसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां सरोज देवी, बहन खुशी कुमारी,शिवानी कुमारी और सोनम कुमारी है।

मौत के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां सरोज देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भोजपुर में ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत, हत्या का आरोप

**केटी न्यूज/ आरा**



♦ पिता ने ससुराल वालों पर हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेंकने का लगाया आरोप

भोजपुर में आरा-सासाराम रेलखंड पर चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव रेलवे क्रासिंग के समीप शुक्रवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से महिला और उसके दो बेटों की मौत हो गयी। मृतकों में सेमरांव दुलौर टोला गांव निवासी पिंटू सिंह की 28 वर्षीया पत्नी गुड़िया देवी, ढाई वर्ष पुत्र प्रियांशु और एक वर्ष का पुत्र छोटू कुमार शामिल है। घटनास्थल से दवा की शीशी भी बरामद की गयी है। ऐसे में पुलिस की ओर से ट्रैक पार करने के दौरान तीनों के ट्रेन की चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है। इधर, महिला के मायके वालों की ओर से ससुराल वालों पर दहेज के लिए तीनों की हत्या कर शव ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया जा रहा है। उसे लेकर महिला के मायके और ससुराल वालों के बीच झड़प भी हुई। उस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। उसमें मृत गुड़िया देवी के पिता शिव प्रसन्न सिंह और चचेरे भाई अशोक सिंह जख्मी हो गए। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना को लेकर काफी देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर चरपोखरी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह मामले को शांत कराया। उसके बाद तीनों शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे तीनों मां-बेटे किसी ट्रेन की चपेट में आ गये। उसमें तीनों की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुटी थी। तभी महिला के मायके वाले पहुंच गये और ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाने लगे। उसे लेकर दोनों पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए और मारपीट होने लगी।




### पूर्व राज्यसभा सांसद पुराने शाहाबाद जिले के कोइलवर प्रखण्ड स्थित बहियारा गांव के मूल निवासी हैं

# पूर्व सांसद आरके सिन्हा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बक्सर को दिया खास सम्मान

**केटी न्यूज/ बक्सर**



पत्रकारिता, साहित्य,जरूरतमंदों की सेवा करने, रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने डॉ.आर.के सिन्हा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान कर बक्सर जिले के साथ-साथ पूरे देश का मान बढ़ाया है।

राष्ट्रपति से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाले पूर्व राज्यसभा सांसद पुराने शाहाबाद जिले के कोइलवर प्रखण्ड स्थित बहियारा गांव के मूल निवासी हैं। आर.के.सिन्हा की बायोग्राफी लिख रहे लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री सिन्हा का जन्म बक्सर में हुआ था। आगे इन्होंने बताया कि अपने करियर की शुरूआत आर के सिन्हा ने पत्रकारिता से की थी, आगे चलकर निर्भिक पत्रकारिता करने की वजह से नौकरी तक चली गई थी।

मगर जेपी आंदोलन की एक सशक्त कड़ी आर के सिन्हा ने व्यवसाय के क्षेत्र में कार्य करते हुए जहां एसआईएस जैसी दुनिया की बड़ी निजी सुरक्षा एजेंसी खड़ी कर लाखों लाख लोगों को रोजगार दिया और युवाओं के प्रेरणा स्रोत बने वहीं भाजपा के संस्थापक सदस्य के रूप में कार्य करते हुए साल 2014 में राज्यसभा सांसद निर्वाचित होकर उच्च सदन में भी पहुंचे। उन्हें राष्ट्रपति ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान कर समस्त पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों की मान को बढ़ाया है। पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा ने रोजगार सृजन के क्षेत्र में बड़े स्तर पर कार्य किया है।

उन्होंने साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं। जरूरतमंदों की सेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने कीर्तिमान स्थापित किया है। इन सब उपलब्धियों के कारण अब उन्हें देश की राष्ट्रपति ने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि प्रदान कर मान बढ़ाया है।





## बंगाली समाज ने मां दुर्गा का खोला पट

**बलिया।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति एवं सेवा संस्थान बलिया के तत्वावधान में जगदीशपुर स्थित सेंट थॉमस स्कूल (जमुना पाठशाला) परिसर में षष्ठी तिथि शुक्रवार को बंगाली समाज द्वारा पूजन अर्चन करने के बाद मां दुर्गा का पट खोला गया। इस दौरान बंगाल से पधारे पुजारियों ने विधि विधान से पूजन किया। पट खोलने के बाद मां दुर्गा के जयकारे एवं ढोल-नगाड़े से पूरा परिसर देवीमय हो गया। इस समिति द्वारा 1948 से पूजन किया जा रहा है। शेष समिति के पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का पट शनिवार सप्तमी तिथि को खुलेगा।

## एक नजर

### लर्निंग रिसोर्स पैकेज के तहत शिक्षकों के बीच टेबलेट का किया गया वितरण



**मऊ।** रानीपुर ब्लाक सभागार में लर्निंग रिसोर्स पैकेज के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के उपयोगार्थ कार्यक्रम के तहत टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी यशवंत सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रमुख अरुण सिंह रहे। कार्यक्रम को शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वल्लित कर किया ।टैबलेट वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि` एमएलसी यशवंत सिंह ने 36 कम्पोजिट विद्यालय और 100 प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापके और वरिष्ठ सहायक अध्यापकों को टैबलेट वितरण किया गया।इस दौरान ब्लाक प्रमुख सोनी राज,खण्ड विकास अधिकारी विवेक सिंह,खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह,ब्रम्हानन्द सिंह, धीरेन्द्र सिंह,सतीश सिंह, पूनम सिंह,धर्मेंद्र सिंह,संजय सिंह, ओम प्रकाश सिंह,रवि भूषण सिंह सहित सभी शिक्षक,शिक्षिका काफी संख्या में मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश में अधेड़ की चाकू मारकर हत्या



**मऊ।** रानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा दतौली में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मार पीट हुई जिस में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिस की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची । रानीपुर थाना क्षेत्र के दतौली गांव निवासी रामआशीष कश्यप 50 वर्ष पुत्र तूफानी कश्यप गांव के ही विकास सिंह उर्फ राजा सिंह से पुरानी रंजिश चल रही थी ।करीब दो महीने पहले ही दोनो पक्षों में मार पीट हुई थी। बृहस्पतिवार की रात मे गांव में ही रामाशीष मोबाइल पर मैच देख रहा था की उधर से विकास सिंह भी आ गया और किसी बात को लेकर तू तू मैं मै होने लगा । विकास सिंह ने एक या दो झापड़ जड़ दिया और उस के बाद अपने घर आ गया ।थोड़ी देर बाद रामशीष कुछ लोगो को लेकर विकास सिंह के घर पर पहुंच गए और घर पर जा कर विकास सिंह से गाली गलौज करते हुए मार पीट करने लगे जिस पर विकास सिंह द्वारा चाकू मार कर रामशीष कश्यप को घायल कर दिया गया। जिसके बाद आनन फानन में परिजन द्वारा 108 से रानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहॉ जांच के उपरांत डाक्टरों द्वारा घायल रामआशीष को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर एडीसनल एसपी ,सीओ डॉक्टर अजय बिक्रम सिंह, थाना प्रभारी दल प्रताप सिंह शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेजा । मृतक के पिता के तहरीर पर विकास सिंह उर्फ राजा सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### आबकारी विभाग ने दी चेतावनी... अवैध शराब बिकते पाया गया तो होगी कठोर कार्रवाई

**मऊ ।** आबकारी विभाग की टीम ने कहा कि नवरात्रि दशहरा पर्व को देखते हुए क्षेत्र में कहीं भी अवैध शराब अगर बिकते हुए पाया गया तो दुकानदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम मे एसडीएम सदर आनंद कुमार कनौजिया, आबकारी इंस्पेक्टर विमलेश कुमार यादव तथा कांस्टेबल जितेंद्र कुमार सरोज की टीम द्वारा मऊ सदर स्थित अंग्रेजी देसी बियर की दुकानों का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान दुकान में रखे हुए अंग्रेजी शराब के कर कोड का मिलान कर एवं स्टॉक रजिस्टर सीसीटीवी का स्थल निरीक्षण किया । लाइसेंस धारक को सख्त निर्देश दिया कि कहीं भी ओवर रेटिंग की शिकायत पाई गई तो दुकान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए लाइसेंस को जप्त कर लिया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### सुभासपा ने सुनील सिंह को सलेमपुर का बनाया लोकसभा प्रभारी



**बलिया।** पार्टी के प्रवक्ता सुनील सिंह को सुभासपा ने सलेमपुर लोकसभा का प्रभारी बनाया है। जिसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र में खुशी व्याप्त हो गया। बांसडीह विधानसभा क्षेत्र के असेगा गांव में सुनील सिंह के समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। सुनील सिंह ने सभी का अभिवादन किया और पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर द्वारा जो नई जिम्मेदारी दी गई है। उसे वे पूरे इमानदारी और निष्ठा से पूरा करेंगे ताकि मिशन 2024 को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सलेमपुर लोकसभा प्रभारी का कार्य काफी जिम्मेदारीपूर्ण है। जिसे पार्टी कार्यकताओं के भरोसे पूरा किया जायेगा। सुभासपा जिलाध्यक्ष सुग्रीव राजभर, संजय सिंह, उमापति राजभर, राहुल सिंह, धर्मेन्द्र भारती, उदय सिंह, संजय यादव, मन्नू पांडेय, हाकिम पासवान, कुंजन राजभर ने संजय सिंह को सलेमपुर प्रभारी बनाएं जाने पर खुशी जाहिर किया है।

### बलिया में खाद्य विभाग ने चार स्थानों से जांच को छह नमूने लिये

**बलिया।** नवरात्र व दशहरा के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए 6 नमूने संग्रहित किये है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि नवरात्र व दशहरा के त्योहार को देखते हुए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि गुरवार को को जांच टीम ने उधरन, रसड़ा, फेफना व भीमपुरा में खाद्य के कारोबारियों के यहां कार्रवाई करते हुए पेड़ा, मखाना, व दूध के नमूने लिए गए हैं।

## सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

# बिजली आपूर्ति मानक के अनुरूप नहीं होने पर डीएम ने लगाई क्लास

♦एडीपीआरओ का वेतन रोकने के दिए निर्देश

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। अतिरिक्त ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान सोलर स्ट्रीट लाइट बीकेएस ग्राम उन्नति योजना में जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

अवस्थाना औद्योगिक विकास विभाग की एमओयू मॉनिटरिंग में अभी तक सत्यापन कार्य पूर्ण न होने पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को तत्काल सत्यापन पूर्ण करते हुए डाटा अपलोड करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु कुल 35 एमओयू में से 6 में अभी तक कार्य प्रारंभ ना होने पर उन्होंने शीघ्र ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु समस्त आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति मानक के अनुसार उपलब्ध कराए जाने में प्रदेश स्तर की जारी रैंकिंग में शहरी क्षेत्र में 74वीं रैंक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए विद्युत आपूर्ति मानक के अनुरूप उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। बीज डीबीटी में भुगतान हेतु लंबित आवेदनों का निस्तारण समय सीमा के अंदर न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कृषि उपनिदेशक को अगले दो-तीन दिनों में समस्त लंबित आवेदनों का निस्तारण करते हुए भुगतान करने के निर्देश दिए। ग्राम विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में पिछले वित्तीय वर्षों के लंबित समस्त आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा परियोजना निदेशक को दिए गए।



### लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा बैठक

जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में तहसील घोसी में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण के प्रगति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।धारा 24 के तहत उप जिलाधिकारी कोर्ट में लंबित 446 वादों के सापेक्ष 165 तथा उप जिलाधिकारी न्यायिक कोर्ट में लंबित 480 के सापेक्ष 173 वादों का निस्तारण पिछले एक माह के दौरान किया गया, जो कुल लंबित वादों के सापेक्ष क्रमशः 37 प्रतिशत एवं 36 प्रतिशत है। धारा 24 के तहत तहसील घोसी में अन्य तहसीलों के सापेक्ष कम निस्तारण प्रतिशत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी घोसी को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

### कार्य प्रारंभ न करने पर चेतावनी पत्र जारी

जल जीवन मिशन के तहत संचालित विभिन्न पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि वित्तीय वर्ष 23-24 हेतु कुल 92270 गृह संयोजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 71976 गृह संयोजन दिए जा चुके हैं, जो कुल का 78.01 प्रतिशत है। जनपद मऊ में जल जीवन मिशन हर घर नल योजना के अंतर्गत कुल 1318 राजस्व ग्राम हेतु आगड़न एवं निर्माण कार्य का लक्ष्य आवंटित है जिसके सापेक्ष समस्त 1318 राजस्व ग्राम का डीपीआर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को जिला पेयजल योजना एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से प्रेषित किए जा चुके हैं।

### अभियान चलाकर वादों का हो रहा निस्तारण

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने लंबित राजस्व वादों के निस्तारण में लापरवाही पर उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सदर को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की है। ज्ञातव्य है कि उच्च स्तर से जारी निदेशों के क्रम में जनपद के समस्त न्यायालयो में विभिन्न धाराओं में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण हेतु अभियान चलाकर वादों का निस्तारण किया जा रहा है,जिसके क्रम में प्रतिदिन जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न न्यायालयो में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा भी की जा रही है। इस क्रम में पिछले एक माह में धारा 24 में मात्र 18 प्रतिशत एवं धारा 116 के तहत लंबित राजस्व वादों के मात्र 21 प्रतिशत वादों के निस्तारण पर जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उप जिला अधिकारी (न्यायिक) सदर मनोज कुमार तिवारी को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के आदेश दिए। इसके पूर्व भी जिलाधिकारी द्वारा 3 अक्टूबर की समीक्षा बैठक में उप जिलाधिकारी न्यायिक को वादों के निस्तारण की असंतोष जनक स्थिति पर चेतावनी पत्र जारी किया गया था। पुनः10 अक्टूबर 2023 की समीक्षा बैठक के दौरान भी लंबित वादों के निस्तारण की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए थे।

### अधिवक्ता समाज की जागरूकता हमें हमेशा प्रेरित करती है : सांसद

**बलिया।** क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को सम्मान समारोह एवं वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. बरमेश्वर पांडेय का तैल चित्र अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि अधिवक्ता समाज एक जागरूक समाज है, अधिवक्ता समाज की जागरूकता हमें हमेशा प्रेरित करती है। उससे मैं बहुत प्रभावित रहता हूं। इसलिए जब भी अधिवक्ताओं ने कुछ कहा है उसे पूरा करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं से हमारी यही अपेक्षा है कि वह संसद में पारित किए गए कानून को आम जन-जन तक पहुंचने में हमारी मदद करें। मैं आप लोगों से या निवेदन कर रहा हूं कि संसद में सर्वसम्मत से निर्मित कानून को लागू कराना बुद्धिजीवी वर्ग का कार्य है। बलिया कचहरी के सुंदरीकरण को पूरा करने का मैने वादा किया है जहां अधिवक्ता बैठते हैं उसे स्थान पर उनका पक्का चैंबर बन जाए। इसके लिए मैं काफी दिनों से प्रयासरत हूं। अधिवक्ताओं को ई लाइब्रेरी की सुविधा के लिए उन्होंने 11 लाख रुपया अपने निधि से देने का ऐलान किया।

## आबकारी विभाग ने पकड़ी अवैध शराब की भट्ठी, कच्ची शराब बरामद

♦ 175 लीटर कच्ची शराब बरामद और 800 लीटर लहन नष्ट कर दिया

**केटी न्यूज/बलिया**

चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के भाखड़ गांव में शुक्रवार को आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने यहां संचालित अवैध शराब की भट्ठी को पकड़ा और भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब को नष्ट किया। आबकारी पुलिस ने 175 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया और मौके पर करीब 800 लीटर लहन नष्ट कर दिया। मामले में आबकारी टीम ने दो मुकदमा दर्ज किया है। आबकारी आयुक्त गोरखपुर जोन गोरखपुर के निर्देश पर डीएम बलिया और उप आबकारी आयुक्त आजमगढ के देखरेख में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र टू दिनेश कुमार, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र



फोर मनोज कुमार, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र फाइव विनोद कुमार साव की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। भाखड़ गांव में संचालित आबकारी टीम के छापामारी से अवैध शराब तस्करों में हड़कंप सा मच गया है। विभाग ने विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बलिया में पिछले महज पांच दिन में 16 अभियोग दर्ज किया है।




## श्री दशहरा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजन, भगवान शंकर का तांडव नृत्य ने लोगों का मन मोहा

# रामलीला में भरत मनावन को देख भाव विभोर हो उठे दर्शक



**केटी न्यूज/मऊ**

श्री दशहरा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार रात्रि हो रही रामलीला के क्रम में भरत मनावन का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत कार्यालय स्थित त्रिभुवन नारायण सिंह की दुकान के पास प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष सभी राम लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न के मिलन को लेकर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौके पर पहुंचे तथा भरत के मिलने के बाद भगवान श्री राम की जय जय कर करने लगे।

इस मौके पर दशहरा रामलीला कमेटी के तरफ से सुल्तानपुर जनपद से आए कलाकारों द्वारा एक भव्य झांकी प्रस्तुत की गई इस झांकी में हनुमान जी तथा दुर्गा के विभिन्न रूपों में महिलाओं द्वारा भगवान शंकर का तांडव नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया । आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किए गए । मौके पर दशहरा रामलीला कमेटी के संरक्षक अलख नारायण सिंह ,त्रिभुवन नारायण सिंह, विपिन बरनवाल ,आशीष अग्रवाल, शशांक त्रिपाठी ,अंजनी गुप्ता ,प्रिंस गुप्ता ,लालजी वर्मा आदि कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी समेत मुस्तैद रहे ।

# शिव बारात देखने उमड़ी भीड़... खुली जटाओं के साथ तांडव नृत्य कर रहे थे भोलेनाथ

- रामलीला का आयोजन एक दर्जन झांकी शामिल

**केटी न्यूज/चंदौली**

क्षेत्र के ग्राम सभा धरौली में नवरात्रि की शुरुआत से ही रामलीला मंच का आयोजन किया जाता है। आपको बता दे की जिसको देखने के लिए भारी भीड़ भक्तों की उमड़ पड़ती है। बच्चों महिलाओं बुजुर्गों सहित तमाम अगल-बगल के गांव की भीड़ इकट्ठा हुई। जिसमें शिव बारात की झांकी निकाली गई। बारात में करीब एक दर्जन झांकी शामिल रही। इनमें सबसे आगे भगवान गणेश उनके पीछे भगवान विष्णु राधा कृष्ण भगवान शिव और मां दुर्गा की झांकी शामिल थी। इस बीच धार्मिक गीतों पर युवक थिरखते चल रहे थे। शिवजी खुली जटाओं से तांडव मचा रहे थे उधर इस दृश्य को देखकर हर कोई हैरान था भक्ति के रस में साराबोर हो रहे भक्त जगह-जगह भोलेनाथ के जयकारे लगा रहे थे। मौके पर व्यवस्था के स्वरूप धरौली चौकी इंचार्ज आलोक सिंह मय फोर्स तैनात रहे। अंत में आरती व प्रसाद का वितरण हुआ मौके पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रिंकू सिंह व्यवस्थापक संदीप सिंह कोषाध्यक्ष प्रभाकर सिंह पुजारी पिंटू मिश्रा,चिंटू सिंह मौजूद रहे।



## राम दरबार और नव देवियों की सुन्दर प्रस्तुति

**पीडीडीयू नगर।** सिंगापुर बीबी नॉग्स प्ले स्कूल में आज नवरात्रि के अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया और बताया गया कि शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूप की उपासना होती है और जनकल्याण हेतु प्रार्थना किया जाता है इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने मां दुर्गा के नौ रूप का धारण कर अपना विस्तार से वर्णन किया साथ ही कार्यक्रम में राम रावण युद्ध, राम दरबार, साथ ही गणेश जी, ब्रह्मा जी, विष्णु जी, और देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ का रूप धारण कर बच्चों ने अपनी सुंदर प्रस्तुति की तत्पश्चात भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय और श्री गणेश का रूप धारण किए हुए बच्चों ने भी अपना परिचय देते हुए बताया कि हमारी संस्कृति और सभ्यता के बारे में बताया। स्कूल की निदेशिका प्रीति सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य यह था कि बच्चे हमारी संस्कृति और भगवान से अवगत हों।




## खबरें फटाफट

### सपा मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

**चंदौली।** समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनी लाल का आगमन 21 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे को लोहिया भवन सपा जिला कार्यालय में होगा। यह जानकारी सपा मजदूर सभा जिलाध्यक्ष चंद्रभानु यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर कार्यकताओं द्वारा सम्मान और स्वागत किया जाएगा। संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा उनके द्वारा जिले के पदाधिकारियों को मनोनयन वितरण पत्र दिया जाएगा।

### चंदौली रंग महोत्सव के लिए बैठक आयोजित

**पीडीडीयू नगर।** नगर की अस्मिता नाट्य एवं सांस्कृतिक संस्था की एक आवश्यक बैठक संस्था के संरक्षक सदानंद दुबे की आवास पर हुई । जिसमें कार्यक्रम की रणनीति तैयार की गई। यह आयोजन आगामी 1 से 5 जनवरी 24 तक किया जाएगा। बैठक में दिलीप अग्रवाल, सुभाष तुलश्यान,विष्णुकांत अग्रवाल, डॉक्टर उमा शरण, दिनेश शर्मा प्रमोद अग्रहरी,देवेश कुमार, कृष्णकांत गुप्ता, निर्मल पांडे,अंजू चौहान, गुड्डू विश्वकर्मा, राकेश अग्रवाल इत्यादि लोग शामिल रहे ।अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता व संचालन महासचिव विजय कुमार गुप्ता ने किया।

### चंदौली में सेवा मित्र पोर्टल के उपयोग की दी गई जानकारी

**चंदौली।** शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक सेवामित्र पोर्टल के उपयोग एवं लाभ के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त विभागों के साथ बैठक की। सेवामित्र व्यवस्था श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित किया गया है जिसका उद्देश्य जनता को उपयोगी सेवाओं की आसान पहुंच एवं स्थानीय स्तर पर कुशल कामगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस प्रक्रिया में उपभोक्ता घर बैठे ही सेवायोजन विभाग के सेवामित्र ऐप या टोल फ्री नंबर 155330 पर काल कर मदद ले सकते हैं। सेवामित्र पोर्टल व ऐप पर कुल 29 श्रेणी की सेवाएं जैसे-इलेक्ट्रीशियन, कारपेन्टर, ब्यूटीशियन, कुक, प्लम्बर, ड्राईवर, नर्सिंग, हाउस कन्सट्रक्सन, टेन्ट सर्विस, कैटर्स सर्विस, मैनपावर सर्विसेज, नर्सिंग सेवा, हेयर कटिंग सैलून, कम्प्यूटर, एसी मैकेनिक, आरओ मैकेनिक आदि उपलब्ध है। बैठक में जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा समस्त विभागों को सेवामित्र व्यवस्था के माध्यम से कार्यलयों में सेवाएं लिए जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही एनआरएलएम, स्वास्थ एवं अन्य विभागों द्वारा सम्बन्धित सर्विस प्रोवाइडर को सेवामित्र पोर्टल पर आनबोर्ड कराने का भी निर्देश दिया गया। इस पोर्टल पर यूपी के किसी भी जनपद में जिसे निर्धारित ट्रेड में कार्य कराना हो उसकी जानकारी तत्काल मिलेगी। प्रत्येक ट्रेड के लिए निर्धारित दूरी का दायरा फीस तय है। इस पोर्टल के माध्यम से सेवा लेने पर ठगी की आशंका नहीं रहेगी। निर्धारित फीस से अधिक पैसा मांगने पर उसकी शिकायत भी करना संभव है।

### गहमर थाना क्षेत्र के कर्मनाशा तट पर बसे भतौरा गांव की घटना

# देसी शराब दुकान के सेल्समैन की गोली मारकर हत्या, लूटपाट

- गल्ले से बिक्री का सारा रुपया लेकर फरार हो गए

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गहमर थाने के भतौरा गांव स्थित देशी शराब की दुकान के सेल्समैन को देर रात अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। गल्ले से बिक्री का सारा रुपया लेकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर हत्या का जल्द अनावरण करने के लिए पुलिस की चार टीम गठित की है। गहमर थाना क्षेत्र के कर्मनाशा तट पर बसे भतौरा गांव स्थित देसी शराब की दुकान के सेल्समैन धर्मेंद्र सिंह- 45 पुत्र रामअवध सिंह निवासी तुर्कवली रौनापार आजमगढ़ रोज की भांति दुकान पर बैठा हुआ था। देर रात करीब साढ़े दस बजे अज्ञात बदमाशों के द्वारा उसे गोली मार दी गई। बदमाश बिक्री का रुपये लेकर भी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची गहमर कोतवाली पुलिस घायल सेल्समैन को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। उधर रास्ते में ही सेल्समैन ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार की सुबह घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए घटना के बारे में जानकारी ली एवं जल्दी हथियारों की गिरफ्तारी के लिए चार टीम गठित कर मामले का अनावरण करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों के द्वारा कयास लगाया जा रहा है कि बिहार प्रांत के बदमाश शराब के लिए आए हुए होंगे, जो शराब न देने पर सेल्समैन को गोली मार दी। भतौरा गांव कर्मनाशा नदी के तट पर है और यहां बिहार प्रांत के लोग आए दिन शराब का सेवन करने के लिए आते हैं। इस बाबत गहमर कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि देसी शराब की दुकान के सेल्समैन को अज्ञात बदमाशों के द्वारा गोली मारने की सूचना रात्रि कारी 11:00 बजे मिली ।



### सेल्समैन को कंधे व सीने के नीचे लगी गोली

लूट की नीयत से आए बदमाशों ने शराब न देने के कारण सेल्समैन को कंधे और सीने के नीचे गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। क्षेत्र में यह चर्चा है कि सेल्समेन हमलावरों को जानता पहचानता था। अगर वह दुकान का गेट नहीं खोला होता तो शायद ऐसी घटना नहीं होती। घटना के बाद से ही सभी शराब दुकानदारों में दहशत का माहौल बन गया है।

### अवैध असलहा लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**चहनियां( चंदौली)।** बलुआ थाना क्षेत्र के अगस्तीपुर में आयोजित रामलीला के दौरान गुरुवार की रात को अवैध असलहा व कारतूस के साथ घूम रहे तारगांव अजगरा निवासी युवक रोशन सोनकर पुत्र पप्पू सोनकर को चौकी प्रभारी मारूफपुर अभिषेक शुक्ल मय हमराह गिरफ्तार कर लिया। जिससे आयोजकों सहित उपस्थित लोगों ने राहत की सांस लिया। रात्रि गस्त के दौरान चौकी प्रभारी मारूफपुर अभिषेक शुक्ला को मुखबिर से सूचना मिली कि अगस्तीपुर रामलीला में एक युवक अवैध असलहे के साथ घूम रहा है।

### व्यापारियों ने जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की

**चंदौली।** पुलिस लाइन सभागार मे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक शुक्रवार को सभागार में हुई।इसमें व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार व एसपी विनय कुमार सिंह के सामने रखा जहां जाम की झाम , बिजली व्यवस्था के साथ ही एवं आगामी त्यौहार पर कस्बों एवं नगरों में पुलिस गश्त की मांग की।

इस दौरान व्यापारियों ने व्यापारी सुरक्षा की मांग दोहराई व व्यापारियों ने सड़क पर आड़े खड़े तिरछे वाहनों के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। शराब की दुकान के बाहर नशेड़ियो की उत्पात और दुकानदारों को बेवजह नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है। बाट -माप व और फूड विभाग के अधिकारी व्यापारियों को आए दिन प्रताड़ित करते रहते हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा के पूजा पंडालो मे फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करनी चाहिए और भीड़ भाड़ मे अराजकता नही फैलनी चाहिए । सोशल मीडीया पर अफवाहो से बचे।व्यापारियों की समस्या को तुरंत हल कराया जाएगा। व्यापारियों किसी भी प्रकार की कोई भी शिकायत होती है और तुरंत प्रशासन को अवगत कराने का कार्य करें। हम लोग व्यापारियों के प्रति उनकी समस्या का निस्तारण प्रयास करेंगे।

# एसडीएम से नाराज अधिवक्ताओं ने तहसील में किया हंगामा



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जखनियां तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमलेश शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम कमलेश सिंह के आचरण से नाराज अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की। मांग किया कि जखनियां तहसील के दुल्लहपुर, शादियाबाद, जंगीपुर, बहरियाबाद, सादात, भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र से आए हुए लोगों को जमानत रात आठ बजे दिया जा रहा है। ऐसा करने के बाद एसडीएम तहसील परिसर के बाहर निकलते हैं। यह उचित नहीं है। इससे अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसे लेकर 18 अक्टूबर से ही अधिवक्ता कार्य से विरत रहे। साथ ही रात आठ बजे जमानत मिलने के बाद जमानत से छूट। रात में जमानत से छूटने के बाद व्यक्ति को घर जाने पर तमाम संकटों से जूझना पड़ता है। साथ ही कोई अप्रिय घटना की भी आशंका बनी रहती है। आवेदनकताओं की जमानत अर्जी बैठे-बैठे ही निस्तारित की जा रही है। इस संबंध में एसडीएम कमलेश सिंह ने फोन करने पर रिसीव नहीं किया। राम जी यति, संजय सिंह,अखिलेश चौहान, उपाध्याय जी,रामदुलार राम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अच्छा कार्य कर विभागीय अधिकारी रैंकिंग में लाएं सुधार : जिलाधिकारी

- लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री डैसबोर्ड एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। समीक्षा में सर्वप्रथम मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विभागों के कार्यो की ग्रेडिंग व रैंकिग की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि विभाग अच्छा कार्य करके रैंकिग में सुधार लाएं। सभी विभाग अपना परफार्मेंस इंप्रूव करें। अगले माह से प्रत्येक दशा में कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करें, जिससे कि ग्रेडिंग व रैंकिग उच्च प्राप्त हो सके।

जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेहनत से कार्य करें और बेहतर परिणाम लाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि नई सड़कों का निर्माण एवं अनुरक्षण पर ध्यान रखा जाए। टूटी-फूटी, गड्ढा युक्त चिन्हित सड़कों को अभियान चलाकर टीचिंग का कार्य पूरी गुणवत्ता व मानक के साथ सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यदाई संस्थाओं से आपसी सामंजस्य बनाकर निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। कहा कि आईजीआरएस निस्तारण में सुधार लाएं। सभी आवेदनों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कहा कि कुपोषित बच्चों को एनआरसी क्षमता के अनुसार शत-प्रतिशत बच्चों को भर्ती कराया जाए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अधिकारियों द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया जाए और प्रतिदिन मैन्यु के अनुसार मध्यान्ह भोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर पर कराए जैसे हैंड वॉश, रनिंग वाटर, शौचालय आदि कर विद्यालय में क्रियाशील रहे।



### भटनी-पिवीकोल हाल्ट (किमी सं-2.55 से किमी सं 5.94 तक) कट कनेक्शन समेत रेल खंड का संरक्षा निरीक्षण

# रेलवे के उच्चाधिकारियों ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचलनिक सुगमता के लिए मूलभूत ढांचे में विस्तार के क्रम में शुक्रवार को भटनी- औड़िहार दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत भटनी-पिवीकोल हाल्ट (किमी सं-2.55 से किमी सं 5.94 तक) कट कनेक्शन समेत रेल खंड का संरक्षा निरीक्षण रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल मनोज अरोड़ा द्वारा संपन्न किया गया।

इस अवसर पर उनके साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण एससी श्रीवास्तव, मंडल रेल प्रबन्धक/ वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य परियोजना प्रबंधक रेल विकास निगम लिमिटेड कमल कुमार तलरेजा, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) रोशन लाल यादव, मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण) नीलाभ महेश, मुख्य सिग्नल इंजीनियर ज्ञान प्रकाश, शिवनारायण, मुख्य इंजीनियर/निर्माण पन्ना लाल, मुख्य इंजीनियर/निर्माण आशुतोष मिश्रा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय अनुज वर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक एपी सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी बलेंद्र पॉल , वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) आरएन सिंह , वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर रजत प्रिय समेत रेलवे कर्मचारी एवं रेल विकास निगम लिमिटेड के वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

उक्त निरीक्षण में रेल संरक्षा आयुक्त ने लाइन फिटिंग्स, सिग्नलों का संस्थापन, बैलास्ट की कुशनिंग, ओवर हेड लाइन की मानक स्थिती एवं पुल पुलियाओं पर संरक्षा के सभी मानदंडों को परखा।



### सिग्नल पोस्टों की मानक दूरी का मापन किया

रेल संरक्षा आयुक्त मनोज अरोड़ा ने अपने निरीक्षण का आरंभ मोटर ट्रॉली से किमी 2.55 से किया और ट्रैक फिटिंग्स, बैलास्ट लेवलिंग, लाइनर एवं ट्रैक से सिग्नल पोस्टों की मानक दूरी का मापन किया। इसके पश्चात उन्होंने कर्व संख्या 02 एवं माइनर ब्रिज संख्या 04 का संरक्षा परीक्षण किया और सभी मानकों की गहराई से जाँच की। इसके बाद किमी सं 3.68 पर स्थित मेजर ब्रिज सं-5 का निरीक्षण किया और 3७12 के कम्पोसिट गर्डर एवं फाउंडेशन की जाँच की। इसी क्रम में उन्होंने कर्व संख्या 3 एवं 4 का भी मेजरमेंट किया इंडेन्ट कि जांच की। इसके बाद उन्होंने माइनर ब्रिज सं 06 व 07 के आरसीसी बॉक्स की जाँच की ततपश्चात पिवीकोल हाल्ट स्टेशन पर टर्न आउट संख्या 207बी, 202 ए एवं 202 बी का पॉइंट एण्ड क्रासिंग निरीक्षण किया गेज टेस्टिंग करके फेल सेफ प्रणाली की जाँच की। निरीक्षण के अंत में उन्होंने किमी 5.7 पर स्थित समपार फाटक सं 04 का संरक्षा निरीक्षण किया गेट मैन के संरक्षा ज्ञान को परखा।

## एक नजर

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी धराया, चालान



**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की देखरेख में सब-इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार यादव पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अखिलेश बिन्द पुत्र मलगू बिन्द निवासी डाडेवन (बौरी) थाना नोनहरा गाजीपुर के कब्जे से दो बाइक चोरी की तथा कूटरचित एवं एक देशी तमंचा व एक कारतूस ग्राम बौरी से बरामद की।इसके आधार पर धारा 411, 414, 420, 465, 468, 471 भादवि व 3/25 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रेतर विवेचनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शामिल होने के लिए दस्तावेज जरूरी: आर्यका अखौरी




**गाजीपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रामनगीना यादव ने बताया कि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए 29 नवंबर 2023 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तिथि निर्धारित की गई है। उक्त तिथि को वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न होगा। विभाग द्वारा विकसित किए गए सॉफ्टवेयर पर आवेदकों द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाइट /पोर्टले cmsvy.upsdc.gov.in पर लॉगिन करके ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इस प्रक्रिया के प्रारम्भ होने के उपरान्त लाभार्थियों को आनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। अन्य किसी माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। योजनान्तर्गत पात्रता की शर्तें कन्या की अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो। कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमंद हों। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम दो लाख रुपये तक होगी।

### मिशन शक्ति 4.0 एवं 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के तहत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**गाजीपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश एवं मुख्य विकास अधिकारी के कुशल नेतृत्व में` मिशन शक्ति 4.0 एवं 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्ययोजना के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंडा में कन्या जन्मोत्सव का कार्यक्रम` महिला शक्ति केंद्र टीम के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंडा के अधीक्षक की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में` सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया। जिसमें उनको सरकार द्वारा दी जाने वाली समस्त लाभकारी योजनाएं, सभी हेल्पलाइन नंबर, पोक्सो एक्ट के तहत गुड टच और बैड टच तथा घरेलू हिंसा, बाल विवाह ,महिला स्वावलंबन आदि सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर जागरूक किया गया।` बच्चियों के माता को हिमालय बेबी किट तोलिया एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग करण्डा के समस्त स्टाफ पुलिस स्टेशन करंडा के स्टाफ एवं महिला शक्ति टीम से महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय जिला समन्वयक- शिखा सिंह गौतम , लक्ष्मी मौर्य` उपस्थित रही।

### गाजीपुर सदर विधायक जै किशन साहू ने किया सिद्धिविनायक ब्रेकर्स एंड स्वीट का उद्घाटन



**गाजीपुर।** दुल्लहपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित सिद्धिविनायक ब्रेकर्स एंड स्वीट का उद्घाटन गाजीपुर सदर विधायक जै किशन साहू ने गणेश भगवान का पूजन अर्चन के बाद फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में काफी कम समय में दुल्लहपुर बाजार का जो विकास हुआ है। यह प्रतीत होता है कि यहां के लोगों को लजीज व्यंजन और ब्रेकर्स के सामानों की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। लेकिन देखा जाए तो सिध्दीविनायक स्वीट्स हाउस में गुणवत्ता युक्त सामान मिलने से ग्राहकों की निगाहें इस पर टिकी हुई है। उन्होंने सिद्धिविनायक स्वीट हाउस के मलिक रिंकू मद्धेशिया का सराहना करते हुए कहा कि जो गुणवत्ता युक्त सामान ग्राहकों को परोस रहे हैं। यह काफी सराहनीय है। ऐसे ही हर लोगों को करना चाहिए। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा .रामवृक्ष सिंह यादव ने कहा कि महंगाई की वजह से आम जनता की ओर से रसगुल्ले की मिठास काफी दूर हो रही है। लेकिन ब्रेकर्स का सामान अच्छे क्वालिटी में सस्ते होने की वजह से लोगों का डिमांड ब्रेकर्स के सामानों की ओर बढ़ रहा है। इस मौके पर प्रबंधक लाल जी सिंह यादव ,समाज सेवी श्याम लाल यादव, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश मद्धेशिया, उद्योग व्यापार मंडल की विधानसभा अध्यक्ष अजय साहू, अशोक नेता व अन्य उपस्थित थे।